जयपुर 08 सितम्बर।कॉन्स्टेबल भर्ती-2025: एडमिट कार्ड 11 सितंबर से होंगे डाउनलोड, जानें परीक्षा से जुड़ी हर जरूरी बात

जयपुर 08 सितम्बर। राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा की तारीखें घोषित कर दी गई हैं। परीक्षा 13 सितम्बर को दूसरी पारी में और 14 सितंबर दोनों पारियों में आयोजित की जाएगी।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि अभ्यर्थी 9 सितंबर से अपने परीक्षा केंद्र, जिले और पारी से संबंधित जानकारी ऑनलाइन देख सकेंगे। ई-प्रवेश पत्र 11 सितंबर 2025 से अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे।

कांस्टेबल बैंड के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा नहीं होने के कारण प्रवेश पत्र अपलोड नहीं किए गए हैं।

परीक्षा से जुड़े अहम निर्देश

- परीक्षा शुरू होने से 2 घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट बाद किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
- प्रवेश पत्र के साथ अपना हाल ही का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो और एक मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड) लाना जरूरी है।
- एडमिट कार्ड पर दिए गए ड्रेस कोड का पालन करना होगा। नीले या काले रंग की स्याही वाला पारदर्शी बॉल पेन साथ लाएं।
- मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, घड़ी, केलकुलेटर, पर्स, बेग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान परीक्षा केंद्र में लाना सख्त मना है।

सहायता और संपर्क

प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में किसी भी समस्या के लिए अभ्यर्थी राजकॉम के हेल्पलाइन नंबर 7340557555 या 9352323625 पर और विभाग के संपर्क नंबर 0141-2821597 या ईमेल igrecraj@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते है।